बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड ने निर्माण एजेंसी के चयन को जारी की निविदा

# जेपी गंगा पथ का चार वर्षों में कोईलवर तक विस्तार होगा

**बदलता पटना**

**2029** तक 5544.25 करोड़ से 35.65 किमी में पुल-सड़क का होगा निर्माण

- पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, आरा, छपरा, गोपालगंज, बक्सर जाने में होगी सुविधा

**पटना, हिन्दुस्तान प्रतिनिधि।** जेपी गंगा पथ का विस्तार मोकामा और कोईलवर तक किया जाना है। दीघा से कोईलवर पुल तक 5544.25 करोड़ से 35.5 किलोमीटर लंबे पुल और सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसका निर्माण 2029 में पूरा हो जाएगा। इसके लिए बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड (बीएसआरडीसीएल) ने निर्माण एजेंसी के चयन को लेकर गुरुवार को टेंडर जारी कर दिया।

इसका निर्माण पहले ईपीसी मोड पर होना था, लेकिन दो दिन पहले कैबिनेट ने हैम मोड में निर्माण की मंजूरी दी है। इसमें सरकार के साथ एजेंसी की भी वित्तीय भागीदारी होगी। इसी कारण दोबारा निविदा जारी की गयी है। इस सड़क के बनने से यूपी के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, आरा, छपरा, गोपालगंज, बक्सर तक आवागमन करने में लोगों को सुविधा होगी। प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसकी घोषणा की थी। पहले चरण में जेपी गंगा पथ का निर्माण दीघा से दीदारगंज तक 20.5 किमी में किया गया है।

**17 किमी होगा एलिवेटेड और 18.5 में तटबंध पर बनेगी सड़कः** दीघा से कोईलवर की लंबाई 35.5 किलोमीटर है। जिसमें दीघा से शेरपुर की लंबाई 12.5 किलोमीटर है। यहां पर गंगा के ऊपर एलिवेटेड पुल बनेगा। वहीं शेरपुर से कोईलवर पुल के बीच की दूरी 23 किमी है। इसमें 4.5 किमी एलिवेटेड और 18.5 किलोमीटर में जल संसाधन विभाग के पथ-बांध (बांध पर सड़क) पर सड़क का निर्माण होगा। इस छोर पर जेपी गंगा पथ के छितनावां में फोरलेन एलिवेटेड अंडरपास का भी निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा दीघा से शेरपुर के बीच टोल गेट, 1.5-1.5 किलोमीटर का दो फुटपाथ, 14-14 मीटर का दो कैरेज-वे, 0.5-0.5 मीटर का दो क्रॉस बैरियर भी बनाया जाएगा। वहीं दीदारगंज से अथमलगोला तक 42 किलोमीटर में और अथमलगोला से मोकामा तक 42.5 किलोमीटर में सड़क का विस्तार होगा। जिसमें फतुहा बाजार में फ्लाईओवर और बख्तियारपुर बाजार में बाईपास का निर्माण होगा।



चकलालशाही से ताजपुर तक फोरलेन बन कर तैयार।

## चकलालशाही से ताजपुर तक जुलाई से आवागमन

**पटना।** बख्तियारपुर-ताजपुर फोरलेन का पहला चरण जुलाई के प्रथम सप्ताह में चालू होगा। पहले चरण में चकलालशाही से ताजपुर तक निर्माणाधीन फोरलेन से आवागमन शुरू होगा। इसके चालू होने के बाद चकलालशाही के पास से एनएच 322 (जन्दाहा-मुसरीघरारी) और ताजपुर के पास से एनएच 122 (मुजफ्फरपुर-बरौनी) का जुड़ाव होने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। इसका निर्माण 2011 में शुरू हुआ था। 14 वर्ष बाद चकलालशाही से ताजपुर के बीच 16 किमी में निर्माण पूरा हो गया है।